QP Code: U25DIS002

Reg. No : .....
Name : .....

ST MARY'S COLLEGE (AUTONOMOUS), THRISSUR-20

I SEMESTER (FYUGP) DEGREE EXAMINATIONS, NOVEMBER 2025
(Improvement/Supplementary)
HIN1FA102(2) : Communication and Creative Writing in Hindi Language -Part 1
2024 Admission Onwards
(Credits: 3)

Time: 1. 5 Hours **Maximum Marks: 50**

Section A

*Answer **All**. Each question carries **2** Marks.* ***(Ceiling: 16 Marks)***

1. निर्मला के मुख्य पात्रों के नाम क्या हैं?
2. गीतांजलि श्री द्वारा रचित तीन उपन्यासों का नाम लिखिए |
3. कौन से अनुच्छेद के अंतर्गत हिन्दी भाषा को राजकीय भाषा घोषित किया गया है?
4. दो कलाकार किस विधा की रचना है ?
5. उपग्रह कहानी की मूल संवेदना क्या है ?
6. कामायनी के नायक कौन है?
7. निराला का पूरा नाम क्या है ?निराला की किन्ही चार रचनाओं का नाम लिखिए ?
8. संयुक्त क्रिया किसे कहते है ?
9. कर्ता से क्या तात्पर्य है ?
10. रचना के अनुसार वाक्यों के भेदों पर प्रकाश डालिए |

Section B

*Answer **All**. Each question carries **6** Marks.* ***(Ceiling: 24 Marks)***

11. दो कलाकार एकांकी की व्यंग पर प्रकाश डालिए।
12. उपग्रह कहानी पर अपना विचार प्रकट कीजिए।
13. पंत का प्रकृति चित्रण।

Turn Over

14. संक्षेपण कीजिए :अजब परिवार है हमारा। तीन भाई बहन तीन देशों में बसे हैं। सब एक दूसरे के लिए तरसते रहते हैं। जब हुड़क तेज उठती हैं तो एक दूसरे को लम्बे-लम्बे फोन कर लेते हैं, प्यार - भरे कार्ड भेजते हैं, अगले साल मिलने का वादा करते हैं तो कुछ दिनों को जी ठहर जाता है। पहले सब इकट्ठे रहते थे लखपत कोट का वह बड़ा मकान भी छोटा पड़ जाता । वहीं नौकरियाँ लगीं, वहीं शादियाँ हुईं। बड़े भाई केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षक नियुक्त हुए, बहन ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षक, नीरद कपूरथला कॉलेज में लेक्चरर हो गया। भाई अखबारों का गहन अध्ययन करते थे। अमरजीत अखबार की तरफ ताकती भी नहीं थी, नीरद कॉलेज जाकर कई अखबारों की सुर्खियाँ देख लेता उसकी दिलचस्पी का क्षेत्र साहित्य था। उन्हीं दिनों भाई को कैनेडा जाने का रास्ता नजर आया। अखबार में वहाँ स्कूलों के लिए दर्जनों पद निकले थे। भाई- भाभी ने चार फॉर्म मंगा लिए घर में बड़ा बावेला मचा। बौजी और बीजी ने कहा, " दोनों भाई इकट्ठे चले जाओगे, हम किसके सहारे जिएँगे ? " भाई ने कहा, " अमरजीत है, पंकज है और आपकी सारी कबीलदारी यही है।" " बेटों का हाथ लगे बिना तो सरग भी नहीं मिलता, बीजी रोने लगीं। भाई बोले, " एक बार हम वहाँ जम जाएँ तो आप दोनों को भी बुला लेंगे, बल्कि अमरो और पंकज को भी वहीं काम दिला देंगे। " शाम को नीरद कपूरथला से लौटा तो बीजी ने उससे कहा, "तू तो बड़ा नीसना (घुन्ना) निकला अपने आप बाहर जाने का प्रोग्राम बना लिया । " नीरद हक्का - बक्का । सारी बात जानते ही वह भड़क गया, " मेरे लिए फैसला लेने का हक किसी को नहीं है चाहे कैनेडा हो, चाहे टिंबकटू, मैं कहीं नहीं जाऊँगा।"

15. सकर्मक और अकर्मक क्रियाओं की परिभाषा लिखकर उदहारण सहित समझाइए।

Section C

*Answer **any one**. Each question carries **10** Marks.* ***(1x10=10 Marks)***

16. आज़ादी कहानी का सारांश लिखिए।

17. क्रिया के विभिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

****